माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रीन भारत समिट में विचार व्यक्त किए

कार्बन उत्सर्जन प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण माननीय नितिन गडकरी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग

लखनऊ 30 नवंबर, 2024:

दैनिक जागरण ग्रीन भारत समिट में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना संबोधन में कहा कि जीवन के लिए शुद्ध वातावरण का होना बहुत आवश्यक है, जिसके लिए हमे ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना होगा। कार्बन उत्सर्जन प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। हमे कार्बन उत्सर्जन में कमी लानी होगी जिसमें हम काफी हद तक कामयाब भी हुए हैं। हमने कार्बन उत्सर्जन में 9.4 लाख टन की कमी करने में हमें सफलता प्राप्त की है।

माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदूषण को कम करने और राज्य के बेहतर भविष्य के लिए एलईडी लाइट और सौर ऊर्जा जैसे पर्यावरण के अनुकूल समाधानों का उपयोग करने के महत्व पर प्रकाश डाला। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए माननीय मुख्यमंत्री ने एन्सेफलाइटिस का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक ऐसी बीमारी है जिसने चार दशकों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में 50,000 लोगों की जान ली है। लेकिन पिछले कुछ समय में हमने एन्सेफलाइटिस पर काबू पा लिया है। उन्होंने कहा कि हमे प्रदूषण रोकने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।" ग्रीन भारत शिखर सम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने के मिशन में एक महत्वपूर्ण पहल है। सीएम योगी ने सभी से स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भविष्य प्राप्त करने के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करने का आह्वान किया।

मा. मंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, श्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस गति से उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है उससे उत्तर प्रदेश के विकास को और गति मिलेगी। किसी भी राज्य की उन्नति में उसके परिवहन मार्ग का बहुत बड़ा हाथ होता है। आयात निर्यात का जितना सुचारू रूप से संचालन होगा राज्य उतनी तेजी से उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले जब मैं लखनऊ आया था तब मैंने लखनऊ से कानपुर जाने में लगने वाले समय को आधा घंटा करने की बात कही थी जो कि अब सच साबित हो रही है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लगभग सभी रिंग रोड को मैंने मंजूरी दे दी है। हम जल्द ही प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रयासरत हैं जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल एक बड़ी भूमिका निभाने की ओर अग्रसर है।

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ श्री अभिषेक प्रकाश ने दैनिक जागरण ग्रीन भारत समिट में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमें वायु, जल, प्रकृति को संरक्षित करते हुए अपनी मॉर्डन लाइफ को बेहतर बनाते हुए माननीय सीएम योगी के 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के सपने को साकार करना है। उत्तर प्रदेश को ग्रीन प्रदेश बनाने के लिए हमे वातावरण में कार्बन के उत्सर्जन को कम करना होगा साथ ही राज्य स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को हरित तरीके से आगे बढ़ाते हुए रोजगार को बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश में ईवी वर्तमान में अहम रोल निभा रहा है। महाकुंभ में भी ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल का उपयोग होगा। उत्तर प्रदेश में आज सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं, सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है साथ ही सबसे ज्यादा 16 हवाई अड्डे भी हैं। उत्तर प्रदेश में किसी भी इंडस्ट्री की ग्रोथ की संभावना बहुत ज्यादा है।

श्री दयाशंकर सिंह, मा. परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रीन भारत समिट के अपना संबोधन में सर्वप्रथम पौधारोपण पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि हमे ऐसे पौधे लगाने चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिले जैसे पीपल और नीम साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हमे पेड़ लगाने तो हैं पर पेड़ काटने से भी बचना होगा, प्रकृति का दोहन ही पर्यावरण का काल बनता जा रहा है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा बहुत जरूरी है चार पहिया वाहन चालक को बेल्ट और दो पहिया वाहन चालक

को हेलमेट पहनना अनिवार्य है इससे हादसों में कमी आती है और चालक बेहतर तरीके से अपनी यात्रा कर पाता है खासतौर पर युवा चालकों को अपनी वाहन चलाने की क्षमता का विकास करना होगा और माता पिताओं को अपने बच्चे को निर्धारित उम्र से पहले वाहन देने से पहले विचार करना होगा।

ग्रीन मोबिलिटी संभावनाएं और चुनौतियां नामक सत्र में श्री अनुपम शुक्ल, प्रबंध निदेशक, यूपीनेडा, प्रो. विनीत कंसल, निदेशक, आईईटी लखनऊ, श्री कुश सिंह, सेक्टर हेड पावर, आरपी संजीव गोयनका ग्रुप श्री अमित भट्ट, प्रबंध निदेशक, इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और ग्रीन मोबिलिटी पर जोर दिया साथ ही ग्रामीण इलाकों में सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया। 75 जिलों में 75 गांवों को सोलर से युक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने की बात भी कही।

ईवी इंडस्ट्री भविष्य का बाजार

श्री अंशुमान अवस्थी, वीपी हेड आफ इनोवेशन, मर्सिडीज बेंज । श्री सुरेश पी मंगलानी, सीओओ, अदाणी गैस । श्री पंकज गोयल, सीओओ, आटो नेक्स्ट श्री वीरेंद्र गोयल, नेशनल हेड ईवी चार्जिंग इंफ्रा टाटा मोटर्स ने इस सत्र में कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रदूषण को कम करने के लिए सबसे बेहतर और सबसे उपयुक्त साधन है इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की मार्केट उत्तर प्रदेश में पहले से काफी बेहतर हुई है गवर्नमेंट व्हीकल पर सब्सिडी दे रही है रेट भी पहले से ज्यादा गिरे हैं चार्जिंग स्टेशन बढ़े हैं। इस तरह इलेक्ट्रिक व्हीकल आने वाले कल का भविष्य है।